is proposed with any foreign firm. However, ITDC has invited applications at a global level for design competition and selection of Architect.

फ्लाइट-809 के मार्ग तथा समय-अनुसूची में बार-बार परिवर्तन

1169. श्री राम देव भंडारी: क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क्या दिल्ली-पटना मार्ग पर चल रही इंडियन एयरलाइन्स की फ्लाइट-809 के मार्ग तथा समय अनुसूची में बार-बार आकस्मिक परिवर्तन किए जाते हैं, जिसकी सूचना यात्रियों को हवाई अड्डे पर जाने अथवा जहाज में बैठने पर दी जाती है;

(ख) क्या इस प्रकार के आकस्मिक परिवर्तनों के कारण यात्रियों को होने वाली कठिनाइयों से सरकार अवगत है;

(ग) विगत एक वर्ष के दौरान, इस प्रकार के कितने आकस्मिक परिवर्तन किए गए हैं; और

(घ) सरकार इस प्रथा को रोकने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी॰एम॰ इब्राहीम) जी, नहीं।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

(ग) दिल्ली-पटना सेक्टर पर नवम्बर, 1995 से अक्तूबर, 1996 तक विलम्बित कुल 24.03% उड़ानों में से 17.40% खराब मौसम, हवाई अड्डा प्रतिबंधों, परिणामी तथा अन्य कारणों से तथा मात्र 6.63% उड़ानें में इंडियन एयरलाइंस के कार्यक्षेत्र के अधीन कारणों से विलम्ब हुआ था।

(घ) सभी विलम्बों की सूक्ष्म रूप से जांच की जाती है जहां कहीं आवश्यक हो, उपचारात्मक कार्रवाई की जाती है।

उत्तर प्रदेश में डाक्टरों के बिना कार्य कर रहे स्वास्थ्य केन्द्र

1170. श्रीमती मालती शर्मा: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जुलाई, 1996 तक उत्तर प्रदेश में कितने स्वास्थ्य केन्द्र कोई भी डाक्टर न होने के कारण सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पा रहे थे;

(ख) क्या सरकार उन स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों की नियुक्ति करने के संबंध में विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) डाक्टरों को नियुक्ति कब तक कर दी जाएगी?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी): (क) दिसम्बर, 1995 तक उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश में कार्य कर रहे कुल 3761 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में से 289 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिना डाक्टरों के कार्य कर रहे थे।

(ख) से (घ) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों की नियुक्ति और तैनाती राज्य सरकारों द्वारा की जाती है।

Officers found guilty of Irregular activities in Maintenance of ITC Accounts

1171. SHRI ASHOK MITRA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the number of officers and former officers of Indian Tobacco Company who have been found guilty of irregular activities by the Income Tax authorities in the matter of maintenance of accounts of the Company;

(b) the penalty imposed upon these individuals and mode of recovering the penalty from these officials; and

(c) whether criminal proceedings have been lodged by Government against the individuals concerned[0]

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) The isssue of Income-tax evasion by the Indian Tobacco Company, in the light of recent detection by different enforcement agencies, is being looked into by the Income-tax Department. The investigations are in progress. However so far no officers and former officers of this Company have been held guilty of irregular activities by the Income-tax authorities in the matter of maintenance of accounts of the Company.

(b) and (c) In view of (a) above, do

not arise.

ग्वालियर और उदयपुर में हवाई पट्टियों का निर्माण और मरम्मत

1172. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत के राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने ग्वालियर और उदयपुर में हवाई पट्टियों के निर्माण एवं मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है;

(ख) क्या इस कार्य को अक्तूबर, 1996 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था;

(ग) यदि हां, तो उक्त कार्य को पूरा न करने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या यह सच है कि इन क्षेत्रों में आजकल पर्यटन का सीजन होने के कारण हवाई पट्टियों को इस सीजन में उड़ानों के लिए बन्द करने से पर्यटन को गहरा धक्का लगेगा; और

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार पर्यटन के सीजन के समाप्त होने के बाद उक्त कार्य को करवाने के लिए निर्देश जारी करेगी?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम): (क) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने उदयपुर हवाई अड्डे पर धावनपथ के 7500 फुट तक विस्तार तथा पुनः सतहलेपन का कार्य किया है। कार्य को पूरा करने की लक्षित तारीख मार्च, 1997 है। ग्वालियर हवाई अड्डा भारतीय वायु-सेना का है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।

(घ) और (ङ) कार्य समय इस प्रकार से निर्धारित किया गया है कि अनुसूचित उड़ानों के प्रचालन प्रभावित न हों।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट की इक्विटीधारिता

1173. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बाजार की रिपोर्टों और भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार कितने औद्योगिक समूहों में भारतीय यूनिट ट्रस्ट की अपनी इक्विटीधारिता है तथा इस समय भारतीय यूनिट ट्रस्ट की कुल इक्विटीधारिता कितनी है; और

(ख) विभिन्न इकाइयों में भारतीय यूनिट ट्रस्ट की ऐसी इक्विटीधारिताओं का वर्तमान बाज़ार मूल्य कितना है?

वित्त मंत्री (श्री पी॰ चिदम्बरम): (क) और (ख) भारतीय यूनिट ट्रस्ट ने सूचित किया है कि 30 जून, 1996 की स्थिति के अनुसार 1,000 से अधिक कंपनियों में उसकी इक्विटी धारिता है। इन सभी कंपनियों की इक्विटी में कुल निवेश का बाजार मूल्य उस तारीख की यथास्थिति के अनुसार लगभग 37,400 करोड़ रुपए था।

आकाशवाणी द्वारा प्रसारित "खेल-सेवा" कार्यक्रम के लिए नियुक्त एंकरमैन

1174. **श्री शिव चरण सिंह:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी द्वारा प्रसारित "खेल-सेवा" कार्यक्रम हेतु नियुक्त एंकरमैन को कतिपय सुविधाएं एवं मानदेय दिया जाता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन एंकरमैन के कर्तव्य क्या हैं; और

(ग) अब तक कितने और किन-किन एंकरमैनों को मानदेय दिया जाना शेष है और इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम): (क) और (ख) स्थानीय खेल-कूद कार्यकलापों को कवर करने के लिए एंकरमैनों को रोजमर्रा की आवश्यकताओं के अनुसार प्रति कार्यक्रम 400 रुपये की निर्धारित दर पर बुक किया जाता है। इस प्रयोजनार्थ, उन्हें टेपरिकार्डर, सम्पादन के लिए स्टूडियो सुविधाओं आदि जैसी आवश्यक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाती हैं।

(ग) किसी भी एंकरमैन का कोई भुगतान बकाया नहीं है।